**NEWS CLIPPING:17.10.2023**

# HADOTI ADHIKAR

## सही कौशल से खुद को रोजगार के लिए सक्षम बनाये विद्यार्थी: कुलपति

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 16 अक्टूबर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न बी.वॉक तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नये छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सम्मानित अतिथि थे। सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की।



कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर एवं अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ और विभिन्न शैक्षणिक विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

राज नेहरू ने छात्रों से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जो कौशल हासिल कर रहे है वह लगातार विकसित हो रहे बाजार में उनकी भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है अथवा नहीं। प्रतिष्ठित आईटी कंपनी आईबीएम के मानव संसाधन विभाग में अपने कार्य अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने साझा किया कि कंपनियां अक्सर उन उम्मीदवारों को पसंद करती हैं जिनके पास अपने कॉलेज के वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण कार्यों करने का अनुभव रहा है। राज नेहरू ने छात्रों को नवीनतम उभरती प्रौद्योगिकियों और बाजार के रुझानों के अनुरूप कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित किया।

**NEWS CLIPPING:17.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## ‘खुद को रोजगार के लिए सक्षम बनाएं विद्यार्थी’

फरीदाबाद, 16 अक्तूबर (सूरजमल): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न बी.वॉक तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नये छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सम्मानित अतिथि थे। सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर एवं अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ और विभिन्न शैक्षणिक विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में राज नेहरू ने छात्रों से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जो कौशल हासिल कर रहे है वह लगातार विकसित हो रहे बाजार में उनकी भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है अथवा नहीं। प्रतिष्ठित आईटी कंपनी आईबीएम के मानव संसाधन विभाग में अपने कार्य अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने साझा किया कि कंपनियां अक्सर उन उम्मीदवारों को पसंद करती हैं जिनके पास अपने कॉलेज के वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण कार्यों करने का अनुभव रहा है।



*दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसवीएसयू के कुलपति राज नेहरू। साथ में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।*

**NEWS CLIPPING:17.10.2023**

# DAINIK JAGRAN

## रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की जरूरत

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट द्वारा शैक्षणिक सत्र में विभिन्न बी.वाक तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नए छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि थे। विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए माव के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सम्मानित अतिथि थे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने की। कम्युनिटी कालेज के प्राचार्य डा.संजीव गोयल ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू। साथ में हैं जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.एसके तोमर • सौ.संस्थान

राज नेहरू ने छात्रों से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जो कौशल हासिल कर रहे हैं वह लगातार विकसित हो रहे बाजार में उनकी भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है अथवा नहीं। कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने नए छात्रों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के करियर तथा चरित्र निर्माण में विश्वविद्यालय जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा सक्रिय जीवनशैली के लिए कम से कम एक खेल गतिविधि में शामिल होने का आह्वान किया।

**NEWS CLIPPING:17.10.2023**

## HINDUSTAN

# विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने पर बल दिया

- जेसी बोस में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन
- व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट ने बी वॉक तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नए छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। कुलपति राज नेहरू ने छात्रों के रोजगार क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। अपने संबोधन में राज नेहरू ने छात्रों से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जो कौशल हासिल कर रहे है वह लगातार विकसित हो रहे बाजार में उनकी भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है अथवा नहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर एवं अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:17.10.2023**

## NAVBHARAT TIMES

# नए छात्रों का स्वागत किया

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कम्युनिटी कॉलेज फॉर स्किल डिवेलपमेंट ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नए छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर सुखदेव सिंह सम्मानित अतिथि थे।